☎: 0291–2795315

डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन् राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय,जोधपुर

(प्रशासनिक भवनः कडवड़, नागौर रोड, जोधपुर)

क्रमांकः डॉ.एस.आर.रा.आ.वि. / परीक्षा / 2025 / 393 दिनांक 16/04/25

कार्यालय आदेश

परीक्षा माह मई, 2025 के लिए मुख्य/प्रयास परीक्षा फॉर्म ऑनलाईन भरवाने के सम्बन्ध में।

विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित परीक्षा माह मई, 2025 **एम.डी. होम्योपैथी पार्ट – प्रथम वर्ष (बैच – 2023)** की मुख्य/प्रयास परीक्षा दिनांक 21.05.2025 से प्रारम्भ होना प्रस्तावित है इस हेतु ऑनलाईन परीक्षा आवदेन फार्म दिनांक 22.04.2025 से छात्रों द्वारा विश्वविद्यालय की वेबसाईट https://registration.dsrrauexam.org से भरे जायेंगे।

महाविद्यालय द्वारा छात्र का नाम, प्रयास, उपस्थिति, शैक्षणिक सत्र, फीस व विषय सम्बंधित जानकारी एवं सम्बंधित नियामक संस्था के नियमों की जांच कर योग्य विद्यार्थियों के परीक्षा फॉर्म को प्राचार्य द्वारा सत्यापित किया जाये। आवेदन पत्र सत्यापित करने के बाद किसी भी प्रकार का परिवर्तन नही किया जायेगा। फॉर्म की कॉपी व पिछली कक्षा की अंकतालिका की प्राचार्य द्वारा सत्यापित प्रतिलिपि संलग्न कर विश्वविद्यालय में भिजवाने का श्रम करे। परीक्षा आवेदन फार्म शुल्क रूपये 100/– प्रति छात्र व परीक्षा शुल्क छात्रों द्वारा ऑनलाईन माध्यम से किया जायेगा।

क्र.सं.	छात्रों द्वारा परीक्षा आवेदन दिनांक			महाविद्यालय द्वारा परीक्षा आवेदन सत्यापन अंतिम दिनांक	फीस विवरण
1	सामान्य शुल्क	22.04.2025	30.04.2025	01.05.2025	7000
2	20/– रू. विलम्ब शुल्क	01.05.2025	05.05.2025	06.05.2025	7020
3	दुगुनी फीस	06.05.2025	09.05.2025	10.05.2025	14000
4	चार गुना फीस	10.05.2025	15.05.2025	16.05.2025	28000

संलग्न : परीक्षा फॉर्म हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश।

परीक्षा नियंत्रक

क्रमांकः डॉ.एस.आर.रा.आ.वि. / परीक्षा / 2025 / 394-397 दिनांक 16/04/25

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. निजी सचिव, कुलपति महोदय, डॉ.एस.आर.रा.आ.वि.वि., जोधपुर।
2. निजी सचिव, कुलसचिव महोदय, डॉ.एस.आर.रा.आ.वि.वि., जोधपुर।
3. प्राचार्य, स्वास्थ्य कल्याण होम्योपैथी महाविद्यालय, जयपुर।
4. रक्षित पत्रावली।

Signature valid

Digitally signed by Rajaram Agarwal
Designation : Associate Professor
Date: 2025.04.16 17:10:34 IST
Reason: Approved

परीक्षा नियंत्रक

RajKaj Ref No.: 14766930

☎: 0291—2795315

डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन् राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय,जोधपुर

(प्रशासनिक भवनः कडवड़, नागौर रोड, जोधपुर)

क्रमांकः डॉ.एस.आर.रा.आ.वि. / परीक्षा / 2025 / 398 दिनांक 16/04/25

आवश्यक सूचना

विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित विभिन्न परीक्षा आवेदन फॉर्म हेतु आवश्यक दिशा—निर्देश निम्नानुसार है :—

1. परीक्षा हेतु छात्र द्वारा शैक्षणिक अवधि व विषयवार उपस्थिति 75 प्रतिशत पूर्ण होने पर ही परीक्षा आवेदन करना होगा अन्यथा परीक्षा आवेदन शुल्क नही लौटाया जायेगा। इसकी समस्त जिम्मेवारी छात्र की होगी।
2. अंतिम वर्ष के छात्र का उपाधि शुल्क परीक्षा फीस के साथ जोडकर लिया जायेगा।
3. छात्र द्वारा परीक्षा फॉर्म की एक बार फीस का भुगतान करने के 3 घण्टे (Double Verification) के बाद ही दुबारा फीस का भुगतान करना होगा।
4. **छात्र द्वारा परीक्षा फॉर्म की फीस के लिये नेट बैकिंग एवं रूपये कार्ड से ही भुगतान करना होगा।**
5. परीक्षा हेतु छात्र को परीक्षा आवेदन करने के बाद सत्यापित कर महाविद्यालय में जमा करवाना अनिवार्य होगा अन्यथा विलम्ब शुल्क निर्धारित अवधि के अनुसार छात्र द्वारा वहन किया जायेगा।
6. योग्य छात्र द्वारा परीक्षा आवेदन करने के बाद महाविद्यालय द्वारा अंतिम दिनांक अनुसार परीक्षा फॉर्म सत्यापित करना अनिवार्य होगा अन्यथा विलम्ब शुल्क महाविद्यालय की जिम्मेवारी होगी।
7. महाविद्यालय द्वारा परीक्षा आवेदन सत्यापित करने से पहले छात्र की विषयवार उपस्थिति 75 प्रतिशत, शैक्षणिक अवधि, प्रयास एवं विषय की जांच अनिवार्य रूप से करनी होगी। सत्यापित परीक्षा फॉर्म में किसी भी प्रकार का परिर्वतन नही होगा।
8. महाविद्यालय द्वारा परीक्षा आवेदन सत्यापित करने से पहले छात्र के पूर्व का रिकॉर्ड परीक्षण करना अनिवार्य होगा।
9. महाविद्यालय द्वारा परीक्षा फॉर्म को ऑनलाईन सत्यापित कर ऑफलाईन प्राचार्य के हस्ताक्षर सहित विश्वविद्यालय में परीक्षा आरम्भ से पूर्व अनिवार्य रूप से भिजवाना सुनिश्चित करे।

परीक्षा नियंत्रक

Signature valid

Digitally signed by Rajaram Agarwal
Designation : Associate Professor
Date: 2025.04.16 17:10:34 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 14766930